**हादसा** | भीषण सड़क हादसे में सरपंच सहित दो भाइयों की मौत

# थार और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत

**नवभारत,नरसिंहपुर,गोटेगांव।**समीपवर्ती ठेमी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धमना के पास बीती रात एक भीषण सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। एक तेज रफ्तार थार और मोटरसाइकिल के बीच हुई सीधी भिड़ंत में मुसरान पिपरिया के सरपंच और उनके चचेरे भाई की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना बुधवार रात करीब 11:30 बजे की बताई जा रही है, जब दोनों भाई एक शादी समारोह से अपने गांव लौट रहे थे।

## शादी समारोह से लौटते समय हुआ हादसा

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुसरान पिपरिया के सरपंच रोशन लाल मेहरा (65) और उनके भाई भगवत सिंह मेहरा (66) नरसिंहपुर के एक गार्डन में आयोजित शादी कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम के बाद जब वे बाइक से वापस घर जा रहे थे, तभी धमना बस स्टैंड के पास सामने से आ रही थार गाड़ी क्रमांक एमपी 49 जेई 6735 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। परिजनों का आरोप है कि थार चालक गलत दिशा से आ रहा था, जिसके कारण यह हृदय विदारक दुर्घटना हुई।



## अस्पताल पहुंचने से पहले ही तोड़ा दम

टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों भाइयों के सिर में गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँची और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में थार चालक आर्यन भी घायल हुआ है, जिसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी प्रीति मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और वाहन क्रमांक एमपी 49 जेई 6735 के चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हत्या के दोषियों को उम्रकैद की सजा

गंगई कला में हुए हत्याकांड के मामले में चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश राममनोहर दांगी के न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाते हुए चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी ब्रजलाल उर्फ बिरजू, जागेश्वर, ओंकार और रामजी को धारा 302 के तहत उम्रकैद और 1000-1000 रूपये अर्थदंड, जबकि धारा 307 के तहत 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास और 1000-1000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन के अनुसार, 4 दिसंबर 2023 की रात सीताराम और डोरीलाल मलाह मोटरसाइकिल से गोटेगांव से अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में करेली कला के पास आरोपी जागेश्वर ने कार से टक्कर मारकर डोरीलाल पर गाड़ी चढ़ा दी। वहीं आरोपी ब्रजलाल ने कट्टे से गोली मारकर सीताराम को घायल कर दिया और अन्य आरोपियों ने पाइप व बका से हमला किया, जिससे अस्पताल में डोरीलाल की मृत्यु हो गई थी।

## श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन


**नवभारत/करेली।** कहते हैं जीवन में हर परिवार को एक बार श्रीमद् भगवत गीता का पाठ करवाना चाहिए ताकि उनका मोक्ष प्राप्त हो सके। श्रीमद् भगवत गीता श्रवण या अनुष्ठान कराने से मानसिक शांति, दुखों का निवारण, ज्ञान में वृद्धि और पापों से मुक्ति जैसे अपार आध्यात्मिक पुण्य प्राप्त होते हैं। यह निडरता, आत्म-जागरूकता, सकारात्मक ऊर्जा और ईश्वर की कृपा प्रदान करता है जिससे जीवन की बाधाएं दूर होकर मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। विगत दिनांक 12 मार्च को नगर के प्रतिष्ठित काबरा परिवार के निवास पर श्रीमद् भागवत कथाका प्रारंभ किया गया है। कथा के दूसरे दिन कथा श्रवण सैकड़ो श्रद्धालु जनों ने किया। काबरा परिवार के सदस्य शैलेश ने बताया कि कुलदेवी माता सुस्माद जी के पावन आशीर्वाद से हमारे पूज्य पिताजी स्व. मनमोहनदास काबरा की पावन स्मृति में श्रीमद् भागवत महापुराण (मूलपाठ) का दिव्य आयोजन किया गया है। कथा का प्रारंभ 12 मार्च से कथा 18 मार्च 2026 तक के लिए किया गया है जिसमें का कथा समय शाम 5 बजे से 6.30 बजे तक है। कथा स्थल निज निवास, बड़ी दुकान, करेली में कथा व्यास = पं. श्री रामनाथ जी शास्त्री तेन्दूखेड़ा के मुखारविंद से श्रवण कराया जा रहा है। काबरा परिवार ने इस धर्म कार्य में शामिल होने के लिए नगर के प्रबुद्ध लोगों से आग्रह किया है।

# म्यूल अकाउंट गिरोह के विरुद्ध पुलिस की प्रभावी कार्यवाही

**नवभारत,नरसिंहपुर।** पुलिस द्वारा अभी तक विशेष कार्यवाही कर 35 बंद म्यूल अकाउंट कराए गए। अभी तक विवेचना के दौरान जिला अंतर्गत 180 खातों को म्यूल अकाउंट के रूप में चिन्हित किया गया। अभी तक म्यूल अकाउंट्स के माध्यम से लगभग 15 करोड़ रुपये के लेन-देन का खुलासा हुआ। नरसिंहपुर पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही के दौरान अभी तक 17 व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर जेल भेजा गया। नरसिंहपुर पुलिस द्वारा अभी तक की गयी कार्यवाही के दौरान अभी तक 9 पासबुक, 4 एटीएम एवं 9 मोबाईल जप्त किए गए है। विगत एक वर्ष में साईबर फ्राड के प्रकरणों में 45 लाख रुपये पर होल्ड लगवाया गया एवं 53 लाख रुपये खाता धारकों को लौटाए गए। विगत कुछ समय से इस आशय की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि जिला नरसिंहपुर अंतर्गत कुछ व्यक्तियों द्वारा आमजन को विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर एवं बहला-फुसलाकर उनके बैंक खातों, पासबुक एवं एटीएम कार्ड की जानकारी प्राप्त की जा रही है। संबंधित व्यक्तियों द्वारा भोले-भाले लोगों को आर्थिक लाभ का लालच देकर उनके खातों के माध्यम से प्रदेश के बाहर से संचालित ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म, साईबर फ्राड, सेक्सटॉर्शन के लिए




बड़ी मात्रा में पैसों का अवैध लेन-देन किया जा रहा है साथ ही उनके बैंक खातों का उपयोग अपने अवैध कार्यों के लिए किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने शिकायतों को लिया गंभीरता से, जांच हेतु गठित की गई विशेष टीम उक्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा प्रकरण की गहन जांच के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम को तकनीकी माध्यमों का उपयोग करते हुए संबंधित व्यक्तियों, बैंक खातों एवं लेन-देन की जानकारी एकत्रित कर विस्तृत जांच करने के निर्देश दिए गए। अभी तक विवेचना के दौरान जिला अंतर्गत 180 खातों को म्यूल अकाउंट के रूप में चिन्हित किया गया गठित विशेष टीम द्वारा प्राप्त शिकायतों के आधार पर प्रकरणों की गहनता से जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान टीम द्वारा तकनीकी माध्यमों का उपयोग करते हुए संदिग्ध बैंक खातों, मोबाइल नंबरों एवं ऑनलाइन ट्रांजेक्शन की जानकारी एकत्रित की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम द्वारा अभी तक विभिन्न बैंकों से संबंधित खातों का विवरण प्राप्त कर उनके माध्यम से किए गए लेन-देन का बारीकी से विश्लेषण किया गया। प्राप्त जानकारी के आधार पर खातों की कड़ी से कड़ी जोड़कर जांच की।



# विद्यार्थी परिषद की नई कार्यकारिणी घोषित अमन साहू को मिली नगर मंत्री की जिम्मेदारी

**नवभारत,गोटेगांव।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा संगठन विस्तार और विद्यार्थियों को राष्ट्रहित से जो?ने के उद्देश्य से गोटेगांव नगर इकाई का गठन किया गया। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री प्रिंस तिवारी, प्रियांश पटेल और शोभित राय मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला संगठन मंत्री प्रिंस तिवारी ने कहा कि परिषद विश्व का सबसे ब?ा छात्र संगठन है, जो विद्यार्थी हितों के साथ राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान हेतु सक्रिय रहने की अपेक्षा की।

# नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिवक्ताओं के साथ बैठक

**नवभारत/ गाडरवारा।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार एवं माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर अखिलेश शुक्ला के निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति गाडरवारा द्वारा अभिभाषक संघ गाडरवारा के मीटिंग हॉल में मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम एवं नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में न्यायाधीश सूरज सिंह राठौड़ (चतुर्थ जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश), राजेश कुमार तिवारी (प्रथम जिला न्यायाधीश गाडरवारा), पंकज जायसवाल (तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश), आर.पी. अहिरवार (जिला एवं अपर सत्र




न्यायाधीश गाडरवारा), अजय सिंह यादव (जेएमएफसी), कृतिका सिंह (जेएमएफसी), विनय सोनी (जेएमएफसी) एवं यश शर्मा (जेएमएफसी) सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष हिमांशु दुबे, उपाध्यक्ष शंभुदयाल सराठे, इंद्रभूषण श्रीवास्तव, शुभम श्रीवास्तव, जगदीश पटैल, रीतेश अग्रवाल, आशीष दीक्षित, प्रशांत अग्रवाल, टी.एस. ठाकुर, अहमद खां सहित अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे। बैठक में मध्यस्थता के लाभों के बारे में जानकारी दी गई तथा 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों का समझौते के आधार पर निराकरण कराने के लिए अधिवक्ताओं से अपने पक्षकारों को प्रेरित करने का आव्हान किया गया। साथ ही गाडरवारा में कार्यरत सभी न्यायालयों के पीठासीन अधिकारियों को राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों को सूचनापत्र भेजने के निर्देश दिए गए।

तहसील न्यायालय गाडरवारा द्वारा क्षेत्र के नागरिकों से अपील की गई है कि यदि उनके मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति, चेक बाउंस, बिजली संबंधी विवाद, पारिवारिक विवाद तथा राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन हैं और वे समझौते के माध्यम से उनका निराकरण कराना चाहते हैं, तो वे शीघ्र ही न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत करें।

# सुप्रिया अग्रवाल जिला मंत्री व शिखा और रंजीता बनी कार्यकारिणी सदस्य

**नवभारत/ गाडरवारा।** राष्ट्रीय स्तर पर अग्रवाल समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा की महिला इकाई जिला महासभा नरसिंहपुर का विस्तार किया गया। इस विस्तार के तहत जिला अध्यक्ष सविता अग्रवाल ने प्रदेश अध्यक्ष भारती अग्रवाल की सहमति से गाडरवारा अग्रवाल महिला मंडल की पूर्व सक्रिय पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इसमें सुप्रिया अग्रवाल को जिला मंत्री तथा शिखा अग्रवाल और रंजीता खजांची को जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है। इन मनोनयनों पर जिला महासभा अध्यक्ष रवि खजांची, नगर अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष मृदुला अग्रवाल,



युवा परिषद अध्यक्ष अंशुल अग्रवाल सहित मंजू गुप्ता, बबिता अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, शिल्पी गुप्ता, प्रियंका अग्रवाल, साधना अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल और प्रिया अग्रवाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि नए पदाधिकारियों के नेतृत्व में समाज संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा समाज नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

### एक नजर में

## पति की रंजिश का बदला लेने पत्नी से मारपीट

**नवभारत/ गाडरवारा।** कई बार लोग आपसी रंजिश का बदला परिजनों से लेने लगते हैं। ऐसा ही एक मामला सालीचौका पुलिस चौकी क्षेत्र में सामने आया है। ग्राम पचामा निवासी एक महिला ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि जब वह अपने मझले ससुर के घर से अपने घर जा रही थी, तभी रेलवे पुलिया के पास गांव का दिलीप लोधी मोटरसाइकिल से आया और उसके सामने बाइक रोककर रास्ता बंद कर दिया। महिला के अनुसार आरोपी ने उसे गंदी-गंदी गालियां दीं। जब उसने गाली देने से मना किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर दी और धमकी दी कि अपने पति को समझा लेना, नहीं तो दोनों पति-पत्नी को जान से मार देगा। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल

**नवभारत/गाडरवारा।** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार करेली थाना क्षेत्र के ग्राम डुगरिया निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके चाचा ब्रजबिहारी श्रीवास अपनी मोटरसाइकिल से पत्नी सबीता श्रीवास और बेटी मोहिनी श्रीवास के साथ गाडरवारा से करेली जा रहे थे। डमरूघाटी के पास सामने से आ रही कार क्रमांक MP-49-4943 के चालक ने तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में ब्रजबिहारी, सबीता और मोहिनी घायल हो गए। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रास्ता रोककर ज्वैलर्स व्यापारी से मारपीट

**नवभारत/गाडरवारा।** सालीचौका चौकी क्षेत्र में रास्ता रोककर मारपीट का मामला सामने आया है। वार्ड क्रमांक 4 सालीचौका निवासी आशीष कुमार उर्फ गोलू पिता रामकुमार सोनी, जो वर्तमान में पलोटनगंज गाडरवारा में रहते हैं और सालीचौका में ज्वैलर्स की दुकान चलाते हैं, ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि वह रोजाना गाडरवारा से सालीचौका दुकान आते-जाते हैं। घटना वाले दिन वह ट्रेन से सालीचौका पहुंचे और पैदल दुकान जा रहे थे, तभी रास्ते में ग्राम खैरूआ निवासी नरेश पिता गोपाल किरार और मदन पिता अमरसिंह किरार मिले। दोनों से उनका जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। आरोप है कि दोनों ने रास्ता रोककर गाली-गलौज की और विरोध करने पर मारपीट कर दी तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सशक्त एवं स्वरोजगार हेतु सेमिनार आयोजित

**नवभारत/ करेली।** महिला दिवस के उपलक्ष में यशबिज मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड भव्य बिजनेस, सशक्त एवं स्वरोजगार हेतु सेमिनार महिलाओं के लिए आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम निरंजन चौक दीनदयाल भवन स्टेशन रोड करेली में हुआ। इस कार्यक्रम में सभी जगह से आई महिलाओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती जी का पूजन एवं दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम के उपरांत सभी ने अपने-अपने विचार रखें। इस कार्यक्रम में डिंपल धाकड़ ग्रेट गुरु, निहारिका मेहरा, रमा वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अनीता नेमा, पार्षद ज्योति जैन, सीएमओ श्रीकांत पाटर उपस्थित थे। कार्यक्रम की सयोजिका पार्षद संगीता शर्मा आयुषी नेमा व समस्त टीम लीडर ने किया गया।

## दुराचार करने वाले आरोपी को 15 वर्ष का कठोर कारावास

**नवभारत,गोटेगांव।** तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ज्योति मिश्रा के न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए विकलांग युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी सचिन झारिया को 15 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी को भारतीय न्याय संहिता की धारा 62(2)(के) के तहत 15 वर्ष का कारावास और 1000 रूपये अर्थदंड, तथा धारा 332 के अंतर्गत 5 वर्ष का कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदंड से दंडित करने का आदेश दिया है। अभियोजन के अनुसार, 26 मई 2025 को जब पैरों से विकलांग पीड़िता अपने घर में अकेली थी, तब आरोपी सचिन पिछले दरवाजे से घर में घुसा और उसके साथ जबरदस्ती अनाचार किया। घटना के दौरान जब पीड़िता के परिजन घर पहुंचे, तो आरोपी उसकी माँ को धक्का देकर मौके से फरार हो गया था। इस मामले की रिपोर्ट गोटेगांव थाने में दर्ज कराई गई थी।



## हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा की तैयारियां शुरू झंडा चौक मन्नत कॉम्प्लेक्स में कार्यालय का शुभारंभ

**नवभारत/ गाडरवारा।** नगर में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर्व की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। विगत कई वर्षों की परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष आयोजित होने वाली शोभायात्रा के लिए नगर के हृदय स्थल झंडा चौक स्थित मन्नत कॉम्प्लेक्स में कार्यालय का शुभारंभ पूजन-अर्चन एवं सुंदरकांड पाठ के साथ किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्री हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर नगर की सुख-समृद्धि की कामना की। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा में हर वर्ष नगर की एकता और सनातनी संस्कृति की झलक देखने को मिलती है, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, साज-सज्जा, ढोल-नगाड़े और भक्ति से ओतप्रोत वातावरण विशेष आकर्षण का केंद्र रहता है। इस वर्ष शोभायात्रा को और अधिक भव्य बनाने के लिए भारतीय युवा दल द्वारा नए स्वरूप में आयोजन की तैयारी की जा रही है। इसके लिए नगर के प्रबुद्धजनों और समाजसेवियों के मार्गदर्शन में बैठकों के माध्यम से कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जाएगी।

# ऋषभदेव का हुआ महामस्ताकाभिषेक, 48 दीप जलाकर भक्तांबर का हुआ पाठ

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा** विगत दिवस इस युग में सनातन जैन श्रमण संस्कृति के प्रवर्तक प्रथम तीर्थंकर आदि ब्रम्हा युगस्रस्टा भगवान ऋषभ देव के जन्म कल्याणक एवं तप कल्याण के पावन अवसर पर दिगम्बर जैन मंदिर में प्रात काल प्रभात फेरी निकाली गई। तथा प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर में स्थित मानस्तंभ में विराजमान भगवान ऋषभदेव की प्रतिमाओं का महामस्तका भिषेक किया गया।जिसमें समाज के सभी श्रावक श्रेष्ठियों ने भाग लेकर सातिशय पुण्य का संचय किया। रात्रि में 48 दीप प्रज्वलित करते हुए भक्तामर पाठ किया। इस अवसर पर विधानाचार्य स्थानीय विद्वान पंडित कमल कुमार शास्त्री ने बताया कि सनातन जैन श्रमण संस्कृति का इतिहास 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर से प्रारंभ नहीं होता है।अपितु उनसे लाखों वर्ष पूर्व अयोध्या में जन्मे 14 वें मनु राजा नाभिराय एवं माता मरुदेवी के पुत्र भगवान ऋषभदेव से प्रारंभ होता है।जिन्होंने युग के आदि में जन-जन को असि देश धर्म एवं संस्कृति की रक्षा के लिये तलवार चलाना मसि लेखा जोखा रखना मुनीमी करना चार्टर्ड एकाउंटेंट एवं बैंक कैशियर से संबंधित विद्या कृषि अहिंसक खेती करना पशु पालन करना शिल्प चित्रकारी स्वर्णकारी कुंभकार मूर्ति मकान मंदिर नक्से आदि बनाना विद्या बहत्तर कलाओं का ज्ञान वर्तमान में आई ए एस, प्रोफेसर इंजीनियर डाक्टर वकील आदि से संबंधित विद्या वाणिज्य सात्विक और अहिंसक व्यापार उद्योग आदि करना की शिक्षा देकर कर्मभूमि का शुभारंभ किया। भगवान ऋषभदेव के पुत्र भरत चक्रवर्ती के नाम पर इस देश का नाम भारत बर्ष पडा है।सच्चे अर्थों में नारी शिक्षा के उद्घोषक एवं आद्यगुरु भगवान ऋषभदेव ही थे क्योंकि उन्होंने ने अपनी पुत्री ब्राम्ही को अक्षर विद्या सिखाई जो आज ब्राम्ही लिपि के रुप में है। द्वितीय पुत्री सुंदरी को अंक विद्या सिखाई जो आज हमें गणित के रुप में प्राप्त है। अपने भरत आदि सभी पुत्रों को भी उन्होंने अलग अलग विद्याओं में पारंगत बनाया जो आज भारतीय विद्याओं का आदि स्रोत है।वैदिक संस्कृति में भी भगवान ऋषभदेव को पूज्यनीय मानते हुये वैदिक साहित्य में उनकी महिमा का बखान किया गया है। वैदिक परंपरा का सबसे प्राचीन ग्रंथ ऋग्वेद की 141 ऋचाओं में भगवान ऋषभदेव का स्तवन किया गया है। भागवत महापुराण के पांचवे स्कंध के 2 से लेकर 6 वें अध्याय में भगवान ऋषभदेव का विशद वर्णन किया गया है।जिसमें ऋषभदेव के पुत्र चक्रवर्ती भरत के नाम पर ही हमारे देश का नाम भारत बर्ष पडा है। ऋषभदेव ने लम्बे समय तक अयोध्या के राजा के रुप में शासन करके सुसंस्कृत मानव समाज की स्थापना की एवं राज्य से विरक्त होकर अपने पुत्र भरत को अयोध्या का राज्य देकर अपने पुत्र बाहुबली को पोदनपुर का राज्य देकर दिगंबर मुनि बनकर एक हजार बर्ष तक कठोर तपस्या की एवं केलज्ञान को प्राप्त हुये।

# बुजुर्ग गौ माता का विधि-विधान से किया अंतिम संस्कार

## आस्था की अनूठी मिसाल,ग्राम देतपोन में पंडित हरिश्चंद्र दीक्षित ने निभाया पुत्र धर्म

**नवभारत,साईंखेड़ा।** (ग्राम पंचायत देतपोन) सनातन धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है, लेकिन आधुनिक समय में अक्सर बुजुर्ग और बीमार गायों को लावारिस छोड़ दिया जाता है। ऐसे समय में साईंखेड़ा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत देतपोन से मानवता और अटूट आस्था की एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसने हर किसी का दिल जीत लिया। यहाँ के निवासी पंडित हरिश्चंद्र दीक्षित ने अपनी बुजुर्ग गौ माता के निधन पर एक पुत्र की भांति जिम्मेदारी निभाते हुए उनका अंतिम संस्कार पूरे हिंदू रीति-रिवाजों के साथ संपन्न किया। जेसीबी से खुदवाया गड्ढा, मंत्रोच्चार के साथ दी विदाई प्राप्त जानकारी के अनुसार, पंडित हरिश्चंद्र दीक्षित के घर पर वर्षों से सेवा पा रही बुजुर्ग गौ माता का बीते दिनों निधन हो गया। पंडित जी ने गौ माता को केवल एक पशु न



मानकर परिवार का सदस्य माना था। उनके निधन के बाद, उन्होंने निर्णय लिया कि उनकी विदाई पूरे सम्मान के साथ की जाएगी। इसके लिए विशेष रूप से जेसीबी मशीन बुलाकर गहरा गड्ढा खुदवाया गया। पूरे गांव में चर्चा का विषय अंतिम संस्कार के दौरान पंडित जी ने शास्त्रोक्त विधि का पालन किया। गौ माता को पुष्प अर्पित किए गए, तिलक लगाया गया और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्हें भू-समाधि दी गई। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों की आंखें भी नम हो गईं।

### समाज के लिए प्रेरणा

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने पहली बार गौ माता के प्रति इतना गहरा प्रेम और समर्पण देखा है। हमारे शास्त्रों में गाय को पूजनीय माना गया है। वह केवल एक जीव नहीं, बल्कि साक्षात ममता की प्रतिमूर्ति है। उनकी वर्षों तक सेवा करने के बाद, मेरा यह कर्तव्य था कि उन्हें ससम्मान विदाई दी जाए। पंडित हरिश्चंद्र दीक्षित आज के दौर में जहाँ पशुओं के प्रति क्रूरता की खबरें अक्सर आती रहती हैं, वहीं देतपोन की यह घटना समाज को जीव-दया और सनातन मूल्यों की याद दिलाती है। पंडित दीक्षित का यह कार्य अब क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग उनके इस कदम की सराहना कर रहे हैं।

# नगर पालिका करेली की सख्ती : बकाया कर नहीं जमा किया तो राशि दोगुनी, नल कनेक्शन भी कटेंगे

**नवभारत/ करेली।** नगर पालिका परिषद करेली द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 की अंतिम नेशनल लोक अदालत 14 मार्च 2026, शनिवार को आयोजित की जाएगी। शासन के निर्देशानुसार आयोजित इस लोक अदालत में नगर के करदाताओं को बकाया संपत्ति कर, जलकर, दुकान किराया एवं अन्य करों पर अधिभार में नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी। सीएमओ श्रीकांत पाटर ने बताया कि नगर के सभी करदाताओं के लिए यह अंतिम अवसर है, जिसमें वे अपना बकाया कर जमा कर छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। नगर पालिका द्वारा वित्तीय वर्ष समाप्ति से पूर्व राजस्व वसूली को लेकर विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है।

### सीएमओ श्रीकांत पाटर ने करदाताओं से समय पर भुगतान की अपील की

नगर के सभी सम्मानीय करदाताओं से अपील की है कि वे नेशनल लोक अदालत में पहुंचकर अपना बकाया कर जमा करें, जिससे आगे की प्रशासनिक कार्रवाई से बचा जा सके।

### कर जमा नहीं किया तो संपति कर की राशि दोगुनी होगी

नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष तक का कर जमा नहीं करने वाले करदाताओं पर शासन के नियमानुसार संपत्ति कर की राशि दोगुनी हो जाएगी।

### बकायादारों के नल कनेक्शन विच्छेद किए जाएंगे

लगातार बकाया रखने वाले करदाताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही भी की जाएगी। नगर पालिका ने नागरिकों से समय रहते कर जमा कर सहयोग करने की अपील की है।